आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 16.11.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार आदिवासी जनजाति समुदाय के कल्याण और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।
- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आयुष्मान योजना का लाभ जन–जन तक पहुँचाने के लिए और अधिक प्रभावी योजना बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।
- कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने नरेंद्र नगर पालिका क्षेत्र में 41 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सीवरेज योजना का भूमि पूजन किया।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 नवंबर को नई दिल्ली में अल्मोड़ा निवासी मोहन चंद्र कांडपाल को जल पुरस्कार से सम्मानित करेंगी।

भगवान बिरसा मुण्डा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार आदिवासी जनजाति समुदाय के कल्याण और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

नानकमत्ता में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान के अंतर्गत उत्तराखंड में 128 जनजाति गांवों का चयन किया गया है।

इस अवसर पर श्री धामी ने 9 करोड़ 68 लाख रुपये की लागत वाले महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय नानकमत्ता का शिलान्यास किया और नगर निकाय श्री नानकमत्ता के 1 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित भवन का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने नानकमत्ता बांध को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, खटीमा के नव–निर्मित बस स्टैंड का नाम महाराणा प्रताप रखने सहित सात घोषणाएं की।

आयुष्मान योजना

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने प्रदेश में आयुष्मान योजना का लाभ जन–जन तक पहुँचाने के लिए और अधिक प्रभावी योजना बनाने की आवश्यकता पर बल दिया है। देहरादून में आयोजित बैठक में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और अटल आयुष्मान उत्तराखंड योजना की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए डॉ. रावत ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य योजनाओं में आ रही गैप फंडिंग को व्यवस्थित करने के प्रयास करेगी।

उन्होंने आयुष्मान योजना में सरकारी तंत्र की भागीदारी को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर जोर देते हुए कहा कि इस दिशा में यथाशीघ्र ठोस कदम उठाए जाएँ।

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे चिकित्सकों और संकाय सदस्यों के विरुद्ध कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

इसके साथ ही, चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत मेडिकल और नर्सिंग कॉलेजों में चल रहे निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करवाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

नशामुक्त भारत अभियान

भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से संचालित नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत रुद्रप्रयाग जिले में जागरूकता की दिशा में लगातार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के तहत जिले की सभी शैक्षणिक संस्थाओं, महाविद्यालयों और विभिन्न राजकीय कार्यालयों में छात्र–छात्राओं के मध्य भाषण, निबंध, पोस्टर तथा स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं, जिनके माध्यम से युवाओं में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति व्यापक जागरूकता विकसित की गई।

अभियान की पाँचवीं वर्षगांठ के उपलक्ष में 18 नवम्बर को मुख्य कार्यक्रम रूद्रप्रयाग के अगस्त्यमुनि में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पंजाब से इस कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करेंगे।

पदयात्रा

कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने टिहरी ज़िले के नरेंद्र नगर पालिका क्षेत्र के लिए स्वीकृत एपीएस कार्यक्रम के तहत 41 करोड़ रुपये से अधिक लागत से बनने वाली सीवरेज योजना का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने जिला खेल विभाग में राष्ट्रीय स्तर का जिम बनवाने और नरेंद्र नगर में खेल छात्रावास बनाने की घोषणा भी की।

इससे पहले, सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर कैबिनेट मंत्री की अगुवाई में सैकड़ों छात्र–छात्राओं ने नरेंद्र नगर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज से टाउन हॉल तक पदयात्रा निकाली।

कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. पी. सी. पैन्यूली ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर ज़िले भर में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की वीरगाथा से अवगत कराना है।

## जल पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आगामी 18 नवंबर को नई दिल्ली में जल संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए अल्मोड़ा ज़िले के कांडे ग्राम निवासी मोहन चंद्र कांडपाल को जल पुरस्कार से सम्मानित करेंगी। उन्हें यह पुरस्कार 'बेस्ट इंडिविजुअल फ़ॉर एक्सीलेंस इन वॉटर सेक्टर' श्रेणी में उत्तर भारत के विजेता के रूप में प्रदान किया जा रहा है।

मोहन चंद्र कांडपाल पिछले 36 वर्षों से आदर्श इंटर कॉलेज सुरईखेत में रसायन विज्ञान के प्रवक्ता पद पर कार्यरत हैं। वे बताते हैं कि वर्ष 2012 में उन्होंने रिस्कन नदी बचाने के लिए एक अभियान छेड़ा, जिसे नाम दिया गया 'पानी बोओ, पानी उगाओ'। इस मुहिम में उन्होंने लगभग 40 गाँवों के ग्रामीणों और महिला समूहों को अपने साथ जोड़ा।

श्री कांडपाल का कहना है कि ग्रामीणों, महिला समूहों और स्कूली छात्र–छात्राओं के साथ मिलकर उन्होंने पेड़–पौधे लगाना शुरू किया और बंजर पड़े खेतों में खाल–खंतियाँ बनानी शुरू कीं। उनकी यह मुहिम रंग लाई और आज पूरे क्षेत्र के सूख चुके नौले फिर से पानी से लबालब भरे हुए हैं।

## राज्यपाल

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने हरिद्वार के रुड़की में एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने विद्यार्थियों को अपने जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने, परिश्रम और अनुशासन के साथ कार्य करने और समाज तथा राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की प्रेरणा दी।

उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे बड़े और असीमित सपने देखें और उन्हें साकार करने के लिए निरंतर परिश्रम, दृढ़ संकल्प और सकारात्मक सोच अपनाएं।

आधुनिक तकनीकी क्रांति, एआई, डेटा एनालिटिक्स, रोबोटिक्स और क्वांटम कंप्यूटिंग, का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने विद्यार्थियों से "लाइफ लॉन्ग लर्निंग" अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भविष्य में वही युवा नेतृत्व करेगा जो सीखना बंद नहीं करेगा और नई तकनीकों को आत्मसात करेगा।

## राज्य स्तरीय आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता

पौड़ी ज़िले के कंडोलिया खेल मैदान में आयोजित चार दिवसीय राज्य स्तरीय आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का दूसरा दिन खिलाड़ियों की दमदार प्रतिस्पर्धा और दर्शकों के उत्साह से सराबोर रहा। दूसरे दिन मैदान पर पाँच कड़े मुकाबले खेले गए, जिनमें टीमों के बीच आक्रामक खेल, सटीक पासिंग और शानदार गोल देखने को मिले।

प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए जिला सूचना अधिकारी योगेश पोखरियाल ने कहा कि फुटबॉल जैसे लोकप्रिय खेल के माध्यम से युवा न केवल शारीरिक रूप से सक्षम बनते हैं, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व जैसे गुणों का भी विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल स्वस्थ समाज निर्माण का सशक्त माध्यम है और जिला प्रशासन भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करता रहेगा।